संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 08 मई,2024: आज गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी.मोदी ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारतीय साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी कृतियों से भारतीय जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत हुई और उनकी दो महत्वपूर्ण रचनाएँ, 'जन गण मन' और 'आमार शोनार बांग्ला' क्रमशः भारत और बांग्लादेश के राष्ट्र गान हैं।

संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में स्थापित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र को श्री अतुल बोस ने तैयार किया था और भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 12 सितंबर, 1958 को इसका अनावरण किया गया था।